शुभ मुहूर्त | अप्रैल माह में 9 दिन बजेंगी शहनाइयां, बाजारों में देखने को मिल रही भीड़

# गर्मी में शुरू हुआ शादियों का सीजन





**नवभारत, जबलपुर।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही शादियों का सीजन भी शुरू हो गया है। जिसमें अप्रैल माह में मात्र 9 दिन ही शादियों की शहनाई बजेंगी। इन 9 दिनों में ही सभी शादियों के मुहूर्त हैं, जिसमें बहुत सी शादियां होने वाली हैं। जिसके लिए लोगों के घरों में तैयारियां शुरु हो गई हैं। इसके अलावा बाजारों में भी खरीददारी करने वाले वाले लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। एक ओर जहां बाजार में शादियों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है,वहीं घरों पर भी शादी के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। उसी के साथ कई जगहों पर शादियां शुरू भी हो चुकी है, तो कहीं पर शादी होने वाली है ।जिसके लिए लोग बहुत उत्साहित हैं और विभिन्न प्रकार के काम जो शादी वाले घर में हो रहे हैं, उसकी तैयारी में जुटे हुए हैं।

### तैयारियां चल रही जोरों पर

वैसे तो शादियां शुभ मुहूर्त देख कर दी की जाती हैं ,लेकिन उसकी तैयारी घरों पर कुछ माह पूर्व से ही शुरू कर दी जाती हैं। इसके लिए सबसे पहले बाजारों में खरीदारी और शादियों के डेकोरेशन के साथ हॉल, केटर्स आदि की बुकिंग शुरू हो जाती है। वहीं इसके अलावा दूल्हा- दुल्हन के कपड़ों की खरीदारी के साथ-साथ वेडिंग थीम्स और मेहंदी, संगीत नाइट्स के साथ सभी कार्यक्रमों के लिए लोगों के प्रति उत्साह महीनों पहले से ही देखने को मिलता है। वही जिनके घरों में शादियां होने वाली है,उन्होंने अपनी पूर्ण रूप से तैयारी शुरू कर दी हैं।

### बाजारों में दिख रही रौनक

शादियों का सीजन शुरू होते ही बाजारों में फिर एक बार रौनक देखने को मिल रही है। वही सबसे ज्यादा भीड़ दूल्हा - दुल्हन की ड्रेस लेने के लिए शोरूम में लगी हुई है। जिसमें खास तौर पर दूल्हे की शेरवानी,सूट और पगड़ी आदि के लिए विभिन्न प्रकार की वैरायटीयां बाजार में हैं। वहीं दूसरी ओर दुल्हन के जोड़े, लहंगा की भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। इसके अलावा शादियों में लोगों के यहां काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी के साथ शहर के सभी दुकान और खास तौर पर टेलर्स,डिजाइनर आदि के यहां काफी भीड़ नजर आ रही है।

### ये 9 दिन रहेंगे शुभ मुहूर्त

14 अप्रैल को खरमास समाप्त होने के बाद 15 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त शुरू हो गए है। अप्रैल में शादी-विवाह के लिए केवल 9 दिन ही मूहूर्त हैं, जिसमें 15,19, 20 (अक्षय तृतीया), 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल विवाह के लिए बेहद ही शुभ हैं।



# 4 करोड़ रुपए से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

▸ रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के रहवासियों को मिली सौगात

**नवभारत, जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के निवासियों के लिए विकास की एक नई सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में 4 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सी.सी. सड़क निर्माण कार्यों का भव्य भूमिपूजन किया। इस निर्माण के तहत वार्ड के प्रमुख क्षेत्रों भीटा, कजरवारा, कृष्णा कॉलोनी एवं अनुराधा कॉलोनीमें आवागमन की व्यवस्था को सुदृढ़ होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इन सड़कों के बनने से हजारों नागरिकों को जर्जर रास्तों से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत परिश्रम से वार्ड में सड़क, नाली और प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर बेहतर हो रही हैं।

### क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनुराधा उपाध्याय, लोचन प्रसाद दुबे, हरिओम चौकसे, गुलाब गिरी गोस्वामी, संतोष रजक, संतोष यादव, आशुतोष दुबे, दिलीप सेन, धनपत झरिया, संजय वर्मा, बबलू खत्री, पुष्पा तिवारी, अरुणा कुशवाहा, लल्लू यादव, रघुनाथ रजक, शुभम विश्वकर्मा, श्रवण रजक, संतलाल चौधरी, विनोद जायसवाल, राजू पटेल, आरती बेन, अनिल प्रताप ठाकुर, राजकुमार वंशकार, राजेश यादव, राजू चौकसे, आनंद चौधरी, विनय चौधरी, मोनू सेन, नंदलाल चौधरी, राजू गोटिया, बृजलाल चौधरी, भागचंद पटेल, सहित सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एक नजर में

### प्रो . सुरेन्द्र सिंह को मिला अधिष्ठाता छात्र कल्याण का प्रभार



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बायोसाइंस विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह को विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में विवि प्रशासन ने अधिसूचना जारी की है। प्रो. सुरेंद्र सिंह वर्तमान में विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और शैक्षणिक दायित्व निभा रहे हैं। इनमें पूर्व कुलसचिव सहित निदेशक व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, समन्वयक विवि प्रवेश समिति आदि दायित्व शामिल हैं। विवि द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रो. सिंह विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के पद पर आगामी आदेश तक के लिये नामित किये गए हैं।




### नि : शुल्क न्यूरो थेरेपी शिविर में जटिल रोगों का हुआ उपचार

**नवभारत,जबलपुर।** प्राचीन काल में कोई दवाइयां नहीं थीं फिर भी व्यक्ति प्राकृतिक उपचार से स्वस्थ हो जाया करता था। हमें अपनी जीवन शैली ऐसी बनाना चाहिए ताकि हम सब बिना दवाओं के स्वस्थ रह सकें। तदाशय के उद्गार डॉ.सुमित कुमार ने स्वास्थ्य पीठ वेलनेस न्यूरो थेरेपी द्वारा टेलीग्राफ गेट नंबर 4, साईं मंदिर के पीछे आयोजित नि:शुल्क न्यूरो थेरेपी शिविर के शुभारंभ पर व्यक्त किये। प्रारंभ में ब्रह्माकुमारी वर्षा वाहन, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कदम संस्था से योगेश गनोरे,सनाढ्य संगम से राजेश पाठक प्रवीण ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में पाचनक्रिया, साईटिका, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, अनिद्रा, चक्कर आना, जोड़ों का दर्द, नसों से संबंधित रोगों का निशुल्क उपचार डॉ. सुमित कुमार वरिष्ठ न्यूरो थेरेपिस्ट नई दिल्ली के साथ नीता दीक्षित, मोनिका साहू,नरेश , उल्का साहू ने किया। समारोह में पाथेय संस्था,कदम संस्था, वर्तिका, मंथनश्री, सनाढ्य संगम की सहभागिता रही।आभार कृष्णकांत दीक्षित ने व्यक्त किया।



### मेडिकल कॉलेज में 200 बच्चों का हुआ परीक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत - मध्यप्रदेश के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, विकलांग सेवा भारती, रोटरी क्लब जबलपुर, वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल, चैतन्य सेवा संस्थान एवं आशा आर्मी स्कूल सहित कई संस्थाओं का सहयोग रहा। लगभग 200 दिव्यांग बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य, नेत्र, फिजियोथैरेपी एवं पोषण संबंधी परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. वीरेन्द्र आर्य, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. समिक रज़ा, डॉ. फौजदार, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा, डॉ. जितेन्द्र गुप्ता एवं रूमा सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित रहे। साथ ही मिताली बनर्जी और रूपेश राय की सहभागिता उल्लेखनीय रही। वक्ताओं ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य सभी के लिए सुलभ, समावेशी और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है।

# विश्व के 108 देशों में गूंजेगा नवकार मंत्र, जबलपुर बनेगा आयोजन का केंद्र

▸ 9 को डीएन जैन ग्राउंड में हजारों श्रद्धालु करेंगे सामूहिक जाप



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में 9 अप्रैल 2026 को 'विश्व नवकार मंत्र दिवस' के अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइज़ेशन (जीतो) द्वारा भव्य आयोजन किया जाएगा। मालवीय चौक स्थित डी.एन. जैन ग्राउंड में सुबह 8:01 से 9:36 बजे तक हजारों लोग सामूहिक नवकार मंत्र जाप में शामिल होंगे। यह वैश्विक अभियान 108 देशों के 6000 स्थानों पर एक साथ आयोजित होगा, जिसमें नई दिल्ली से गृहमंत्री अमित शाह वर्चुअली जुड़ेंगे। जीतो जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने इसे अभूतपूर्व आयोजन बताया, जिसमें सर्व समाज, सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। सचिव आशीष कोठारी ने इसे वैश्विक आध्यात्मिक पहल बताते हुए लाखों लोगों के जुड़ने की बात कही। महिला विंग अध्यक्ष विनीता बड़कुल ने सामूहिक मंत्र जाप से सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की बात कही, वहीं समन्वयक शैलेश आदिनाथ ने व्यापक तैयारियों की जानकारी दी। यूथ विंग अध्यक्ष सीए मयंक सिंघई ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल पहुंचे शहर



**नवभारत,जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का मंगलवार 7 अप्रैल की रात 8 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर हुआ। उप मुख्यमंत्री जबलपुर में रात्रि विश्राम के बाद आज बुधवार दोपहर 12.30 बजे कार द्वारा डिंडौरी जिले के ग्राम बरगांव प्रस्थान करेंगे।



### विद्यार्थियों ने पानी में खेलते हुए जलीय जीवों के बारे में सीखा

▸ अशोक हॉल स्कूल में नन्हे बच्चों की धमाल पूल पार्टी

**नवभारत, जबलपुर।** ग्रीष्म ऋतु के स्वागत में अशोक हॉल स्कूल में प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए रंगारंग पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चे अपने-अपने तैराकी वस्त्रों के साथ शामिल हुए और पानी में डुबकियाँ लगाते हुए जमकर मस्ती की। इस दौरान बच्चों को कछुआ, ऑक्टोपस, मगरमच्छ, विभिन्न मछलियाँ, शंख व शिम्पले जैसे जलीय जीवों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, जहाँ नाश्ता काउंटर, रैंप वॉक, टैटू कॉर्नर और फोटो कॉर्नर आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाला की संस्थापिका अर्पिता मालपाणी ने बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम शाला के सीईओ प्रदीप गंगाधरन, प्राचार्या आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन तथा शिक्षकगणों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# समाधान योजना में उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत

▸ अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ी, जिले में शिविरों का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। तीन माह से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट मिलेगी। योजना की अवधि अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर (ग्रामीण) अंतर्गत अब तक 60,031 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए लगभग 2.32 करोड़ रुपये की छूट प्राप्त की है। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण खुशियाल शिववंशी के अनुसार, अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए जबलपुर, पाटन और सिहोरा संभागों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 8 अप्रैल से 18 अप्रैल तक विभिन्न ग्रामों में ये शिविर लगेंगे। अधीक्षण अभियंता ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नजदीकी शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ उठाएं और बकाया राशि का भुगतान कर सरचार्ज में छूट प्राप्त करें, ताकि भविष्य में विद्युत सेवाओं में कोई बाधा न आए।

### मंत्री विजयवर्गीय का आगमन आज



**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज बुधवार को सतना से कार द्वारा रात 8 बजे जबलपुर आगमन होगा। श्री विजयवर्गीय यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात 11.30 बजे जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस द्वारा इंदौर प्रस्थान करेंगे।



### महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक संगठन को मिली नई मजबूती


▸ रांझी में झारिया कल्याण संघ महिला प्रकोष्ठ का गठन

**नवभारत,जबलपुर।** रांझी क्षेत्र में झारिया कल्याण संघ के महिला प्रकोष्ठ का गठन संघ के अध्यक्ष डॉ. एन. पी. झारिया एवं महासचिव मथुरा प्रसाद झारिया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर झारिया-मेहरा समाज की महिलाओं को संगठित कर एक सशक्त महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में दुर्गा मेहरा को अध्यक्ष, महालक्ष्मी झारिया, अर्चना झारिया एवं रश्मि झारिया को उपाध्यक्ष, नेहा गजेंद्र झारिया को सचिव तथा कुमारी श्रद्धा झारिया को सह सचिव बनाया गया।

इसके अतिरिक्त ज्योति मेहरा को कार्यकारिणी अध्यक्ष, शशि झारिया एवं उषा झारिया को कोषाध्यक्ष और नेहा झारिया को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज की अनेक महिलाएं जैसे रजनी मेहरा, आरती झारिया, ज्योति झारिया, प्राची झारिया, कृष्णा झारिया, कविता झारिया, राजकुमारी झारिया, मीना झारिया, अंजना झारिया, सरिता मेहरा, पूजा झारिया, सुनीता झारिया एवं सुनिधि झारिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। इस आयोजन के माध्यम से समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया।

श्रीराम कथा | जगतगुरू श्रीरामभद्राचार्य ने सुनाई श्रीराम जन्म की कथा, तृतीय दिवस भक्तिमय हुआ वातावरण

# राम केवल ज्ञान के प्रतीक नहीं, बल्कि स्वयं ज्ञान के स्वरूप





**नवभारत,जबलपुर।** गौरीघाट स्थित आर्युवेद कॉलेज मैदान में चल रही श्रीरामकथा के तृतीय दिवस भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कथा व्यास पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य ने अपने भावपूर्ण भजन 'अस मन होत उठाय लेऊं करवा...' के माध्यम से रामलला के बाल स्वरूप को सजीव कर दिया। उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर मानो स्वयं अयोध्या में प्रभु के प्राकट्य का अनुभव करने लगे। समरसता सेवा संगठन के सौजन्य से आयोजित इस कथा में पूरे पंडाल को पुष्प और वैलून से सजाया गया। भगवान श्रीराम के बाल रूप की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालुओं ने नृत्य और संकीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया।

महाराजश्री ने श्रीराम जन्म से जुड़े प्रसंगों को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए जय-विजय, नारद और वृंदा प्रसंगों के माध्यम से आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया। उन्होंने बताया कि रामभक्त चार प्रकार के होते हैं— आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी। उन्होंने कहा कि 'ईश्वर सेव्य है और मैं सेवक हूं'—यही ज्ञानी का भाव है। भगवान श्रीराम को 24 कैरेट स्वर्ण की तरह संपूर्णता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि राम केवल ज्ञान के प्रतीक नहीं, बल्कि स्वयं ज्ञान के स्वरूप हैं।

### भक्ति और भजन का बताया महत्व

कथा के दौरान महाराजश्री ने कहा कि 'जो भगवान का भजन करता है, भगवान उसे गिरने नहीं देते।' उन्होंने भजन को ज्ञान से श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि ज्ञान नष्ट हो सकता है, लेकिन भजन के संस्कार कभी समाप्त नहीं होते। 'जो सबको रुलाए वो रावण और जो सबको रमाए वो राम'—इस सरल व्याख्या से उन्होंने धर्म और अधर्म का अंतर स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अंत में पं. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि श्रीराम जन्म की शास्त्रसम्मत व्याख्या समाज के लिए पाथेय है। रामकथा न केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन देती है, बल्कि जीवन को मंगलमय बनाने का संदेश भी देती है।

### संतों और अतिथियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी रामचंद्रदास ने कथा की प्रस्तावना प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्वामी गिरीषानंद जी, साध्वी ज्ञानेश्वरी जी, संत रामभारती जी उपस्थित रहे। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सपत्नीक पादुका पूजन किया। कथा यजमानों में प्रकाश धीरावाणी, डॉ. जितेंद्र जामदार, अखिल मिश्रा, सुरेश आसवानी, तारु खत्री, राजू हिरानी, बब्बल रजक, राजू चौरसिया और सुशील सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंच संचालन पं. ब्रजेश दीक्षित ने किया।